जोन अधिकारी फिल्ड विजीट कर करें समस्या का निराकरण व आगामी ग्रीष्म कि प्रारंभिक तैयारी- आयुक्त ध्रुव

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त देवेश ध्रुव ने आज विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक निगम सभागार में ली। प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने सभी जोन आयुक्त को सप्ताह में तीन दिन मार्निंग विजिट करने निर्देशित किया। विजिट के दौरान जोन आयुक्त जोन क्षेत्र में सफाई , निर्माण कार्य हो या अतिक्रमण जैसे मेजर समस्याओं का निराकरण के लिए उचित कार्यवाही करेंगे। गर्मी के सीजन में पेयजल की समस्या न आए जिसे देखते हुए अभी से टैंकर, पावर पंप व अन्य तैयारियों के लिए पेयजल विभाग के ईई को निर्देशित किए , वार्डों में सफाई की समस्या वाले स्थलों को चिन्हाकित करे और रूटचार्ट अनुसार कार्य करने जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए।

सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सफाई कर्मी समय पर अपना कार्य प्रारंभ करे इसके लिए उनके आने जाने का निष्ठा टाईम की मानिटरिंग करें। एसएलआरएम सेंटर में कचरों के निष्पादन प्रक्रिया को निरंतर रखने कहा। जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किए कि बैकलाइन, सड़क, नाली की सफाई रूट चार्ट बनाकर कार्य करें। पेयजल विभाग के अधिकारियों को निगम क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलता रहे इसके लिए कहीं भी लिकेज की समस्या आने पर संधारण कार्य त्वरित करे और चार्ट बनाकर प्रतिदिन पानी सैम्पल एवं जांच करने के निर्देश दिए। जोन आयुक्त द्वारा मार्निंग विजिट के दौरान क्या कार्य किए इसकी रिर्पोट तैयार करेंगे जिसकी आयुक्त देवेश ध्रुव द्वारा साप्ताहिक समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगो को मिले जिसके लिए शिविर का आयोजित किया जा रहा जिसमें आयुष्मान , आधार कार्ड बनाने व अपडेशन की सुविधा दी जा रही ।

बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त रमाकांत साहू, नरेन्द्र बंजारे, अधीक्षण अभियंता डी के वर्मा, संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, जोन आयुक्त खिरोद्र भोई, पूजा पिल्ले, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता व उप अभियंता आदि मौजूद रहे।